उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com

संख्याः 382 /2023–24 देहरादूनः दिनांक 25 मई, 2023

संवाद–259

विषयः– पदनाम–मुख्य आरक्षी(पुलिस दूरसंचार) शारीरिक दक्षता परीक्षण में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अवसर दिये जाने संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 31 जुलाई, 2022 को पदनाम–मुख्य आरक्षी (पुलिस दूर संचार) पद कोड–315/647/44/2022 की लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई। जिसके आधार पर दिनांक 10 मई, 2023 को शारीरिक नाप–जोख हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची जारी की गई थी।

उक्त शारीरिक माप–जोख परीक्षण हेतु चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक माप–जोख दिनांक 22.05.2023 से 26.05.2023 तक आई०आर०बी०, द्वितीय, झाझरा, देहरादून में संचालित की जा रही है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि कोई अभ्यर्थी उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षण में किसी कारणवश सम्मिलित होने से वंचित रह गये हो तो वे अभ्यर्थी **दिनांक 27 मई, 2023 को माप–जोख परीक्षण हेतु निर्धारित परीक्षण स्थल आई०आर०बी०, द्वितीय, झाझरा, देहरादून** में प्रतिभाग कर सकते है परंतु ऐसे अभ्यर्थियों को अपने अनुपस्थित होने के संबंध में वैध प्रमाण (जैसे चिकित्सा प्रमाण पत्र, अन्य परीक्षा होना इत्यादि) साथ लाना आवश्यक होगा। तदुपरांत अभ्यर्थी को शारीरिक माप–जोख परीक्षण में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

-Sd-
(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।